# ITL Public School
## Summative Assessment 1(2014-15)

तिथिः **24.9. 14** कक्षा ः छठीं

**हिंदी Set A**

समयः **3** घंटे कुल अंक-**90**

*आवश्यक निर्देशः*

*1 कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल 4 प्रश्न हैं।*
*2 यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दें।*
*3 लेख व मात्राओं की ओर उचित ध्यान दें।*
*4 कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

### खंड-क पढ़ना

1 क) **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः**

हमें सदैव कुछ-न कुछ सीखते रहना चाहिए, नई-नई सूचनाएँ प्राप्त करनी चाहिए। बौद्धिक विकास तो निरंतर चलता रहता है।शिक्षित व्यक्ति वही है जो जब तक जीता है तब तक सीखता ही रहता है और कोई भी समय ऐसा नहीं होता जिसमें उसने कुछ न सीखा हो।विज्ञान तथा कला निरंतर विकसित हो रही है।अतः बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत गहन अध्ययन करना चाहिए।मनुष्य की सच्ची संपत्ति वही सच्चा ज्ञान है जो उसने अपना लिया है।सीखे हुए ज्ञान को न भाई बाँट सकते हैं,न चोर चुरा सकता है।छात्रों को चाहिए ज्ञानवर्धक पुस्तकें पढ़ें और महापुरूषों की जीवनियाँ पढ़ें। यदि एक बार हमने पढ़ने का अभ्यास डाल लिया तो हमारा जीवन ही बदल जाएगा।संस्कृत के महाकवि कालिदास से कौन परिचित नहीं होगा। प्रारंभ के जीवन में उनकी मूर्खता की बात सभी जानते हैं। कहा जाता है कि पेड़ की जिस डाल पर वे बैठे थे उसे ही काट रहे थे। दिन बदले, बुद्धिमान पत्नी की प्रेरणा पाकर अध्ययन के महत्त्व को पहचाना और आगे चलकर महान कवि और नाटककार के रूप में प्रसिद्धि पाई।

1) हमें जीवन में क्या करते रहना चाहिए? **1**
2) शिक्षित मनुष्य कौन होता है? **2**
3) हमें बौद्धिक विकास के लिए क्या करना चाहिए? **1**
4) मनुष्य की सच्ची संपत्ति क्या है? **1**
5) महाकवि कालिदास के जीवन की कौन सी मूर्खता की बात प्रसिद्ध है? **1**
6) वे कवि और नाटककार के रूप में कैसे प्रसिद्ध हुए? **2**
7) विलोम गद्यांश में से ढूँढकर लिखें-अज्ञान , मृत्यु , रात। **3**
8) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखें। **1**

ख) **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः**

बैठा कर दस-बीस सवारी ,चली नदी में नाव हमारी।
आँधी से कब घबराती है ,वर्षा से कब कतराती है।
आगे-आगे बढे हमेशा ,शीतल जल से बतियाती है।

बच्चे, बूढ़े हों,जवान हों–नर हों अथवा कोई नारी।
यह सामान साथ ले जाए,यह दूना व्यापार बढाए।
अलग तटों के लोगों का ,यह आपस में मेल कराए।
जीवन में महकाया करती सुंदर सपनों की फुलवारी।
नाव सिखाती सबक अनोखा, नहीं किसी को देना धोखा।
जीवन के इस रंगमहल में ,रखो प्यार का खुला झरोखा।
पूजेगी यह दुनिया तुमको ,ख्याति मिलेगी प्यारी–प्यारी ।
चली नदी में नाव हमारी, चली नदी में नाव हमारी।

1– नाव किस काम आती है ? **1**

2– वह किससे नहीं घबराती और किससे बातें करती है? **2**

3–नाव किसका किससे मेल कराती है? **1**

4–हमें उसके जीवन से कौन –सा सबक मिलता है? **1**

5–दुनिया के लोग हमें कब और क्यों पूजेंगे? **2**

6– कविता का उचित शीर्षक लिखें। **1**

## खंड ख–(भाषा)

2 क)**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें** ः

1)वर्णो को अलग–अलग करके लिखने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं? **1×5**

2)मन के भावों को व्यक्त करने वाले शब्द कौन–सी संज्ञा कहलाते हैं?

3) भाषा की सबसे छोटी इकाई को क्या कहते हैं?

4) हिंदी भाषा की लिपि का नाम लिखें।

5) संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

ख)**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें–**

1– अनिश्चयवाचक सर्वनाम का एक उदाहरण दें। **1**

2–उपयुक्त संज्ञा शब्द भरें – **2**

क)............शहर में अनेक इमारतें हैं।

ख) हमें सबसे ............करना चाहिए ।

3– 'चंद्र' और 'गृह' का तद्भव रूप लिखें। **1**

4–वर्ण संयोग करें– **2**

क) क् +ओ+ म् +अ +ल् +अ+ त्+ आ ।

ख) प् +अ+ र्+ आ+ क् +अ +र्+ म् +अ ।

5– वर्ण विच्छेद करें– माधुरी , विश्राम। **2**

6– भाववाचक संज्ञा बनाएँ– बच्चा ,पशु। **2**

## खंड –ग साहित्य

3 **क)निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें–**

इस तरह तीन–चार दिन गुजर गए।दोनों बच्चों की जिज्ञासा दिन–दिन बढ़ती जाती थी।अंडों को देखने के लिए वे अधीर हो उठते थे ।उन्होंने अनुमान लगाया कि अब जरूर

बच्चे निकल आए होंगे। बच्चों के चारे का सवाल अब उनके सामने आ खड़ा हुआ। चिड़िया बेचारी इतना दाना कहाँ पाएगी कि सारे बच्चों का पेट भरे। गरीब बच्चे चूँ-चूँ करके मर जाएँगे।

इस मुसीबत का अंदाजा करके दोनो घबरा उठे। दोनो ने फ़ैसला किया कि कार्निस पर थोड़ा-सा दाना रख दिया जाए। **1**

**1-** बच्चे किसे देखने के लिए अधीर थे? **1**

**2-** दोनों बच्चों का क्या अनुमान था ? **2**

**3-** किस मुसीबत का अंदाजा करके बच्चे घबरा गए ? **1**

**4-** अंत में दोनों ने क्या फ़ैसला लिया ?

ख) **कविता की पंक्तियाँ पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें-**

तेरा अंचल पकड़-पकड़ कर
फिरूँ सदा! माँ तेरे साथ ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ ।
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात ।

**1-** बालिका क्या पकड़ कर घूमना चाहती है ? **1**

**2-** 'अंचल' शब्द का अर्थ लिखें ? **1**

**3-** माँ बच्चे को कैसे छलती है? **1**

**4-** कविता और कवि का नाम लिखें? **2**

ग)**निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दें-** **2×5=10**

**1-** लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा?उनके चचेरे भाई क्या कहकर उन्हे चिढाते थे?

**2-** नन्ही चिड़िया को किस-किस से प्यार है?कविता 'वह चिड़िया जो' के आधार पर उत्तर दें ।

**3-** कविता में छोटी होने की कल्पना क्यों की गई है?

**4-** लेखिका को इतवार के दिन क्या-क्या काम करने पड़ते थे ?

**5-** तुम्हारी माँ तुम लोगों के लिए क्या-क्या काम करती है? सोचकर लिखें।

घ)**निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर विस्तार से दें-** **5**

**1-** अंडो के बारे में केशव और श्यामा के मन में किस तरह के विचार उठते थे?वे आपस में सवाल -जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दिया करते थे ?

**2-** 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है।'इस बात के लिए लेखिका क्या-क्या उदाहरण देती है?

ङ)**निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी दो का उत्तर विस्तार से दें-** **2.5×2=5**

**1-** राजा दशरथ के विषय में आप क्या जानते हैं? संक्षेप में लिखें।

**2-** कैकेई कौन थी ? उसने राज दशरथ से क्या वरदान माँगा?

**3-** राम का विवाह किसके साथ हुआ था? स्वयंवर की घटना का वर्णन करें।

## खंड– लेखन

4 **क)निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें–**

**1– किसी मनपसंद त्योहार का वर्णन** –भारत के त्योहार , त्योहार का नाम , मनाने का कारण , पसंद आने का कारण ,मनाने का तरीका, मिलने वाला संदेश । 5

**2–विद्यार्थी जीवन–** भूमिका, विद्यार्थी और अनुशासन ,शिक्षा , खेलकूद ,स्वास्थ्य व सर्वांगीण विकास ।

ख) आपकी बस आपके स्टाप पर देर से पहुँचती है ,इस कारण आप विद्यालय देर से पहुँचते हैं। बस चालक की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखें। 5

**अथवा**

निबंध–लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर अपनी छोटी बहन को बधाई देते हुए पत्र लिखें।

ग) **परीक्षा की तैयारी** के बारे में दो मित्रों की आपस की बातचीत को संवाद रूप में लिखें। 5

घ) **'मधुर दंतमंजन'** का आकर्षक व रोचक विज्ञापन लेखन तैयार करें उसे चित्रों से सुसज्जित करें। **इसके लिए लगभग 25 शब्दों का प्रयोग कीजिए।** 5

ङ)दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर उसके विषय में लगभग **25** से **30** शब्दों में अपने विचार व्यक्त कीजिए। 5

